# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2026

## तारांकित प्रश्न
## 9 मार्च, 2026

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### नदियों की सफाई करना एवं गाद निकालना

***141 श्रीमती रेनू बाला (साढौरा):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या जिला यमुनानगर के साढौरा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र से होकर गुजरने वाली चौतांग, सोम, नकटी तथा बोली नदियों की बड़े स्तर पर सफाई एवं गाद निकालने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति रिपोर्ट क्या है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

### दवाइयों की खरीद पर खर्च की गई राशि

***142 चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) अप्रैल, 2023 से दिसंबर, 2025 तक मंडीखेड़ा के अल-अफिया सामान्य अस्पताल में दवाइयों की खरीद पर कितनी राशि वर्ष-वार खर्च हुई है तथा उनकी खरीद का माध्यम (अर्थात् स्थानीय बाजार/निविदा/जी.ई.एम. पोर्टल इत्यादि) क्या था;

(ख) खरीदी गई दवाइयों के नाम तथा मात्रा कितनी है तथा आपूर्तिकर्ताओं के नाम एवं पते क्या हैं;

(ग) उपरोक्त समय-अवधि के दौरान सरकार तथा मरीजों से उक्त अस्पताल द्वारा वर्ष-वार कितनी निधि/बजट प्राप्त हुआ है तथा इसके उपयोग का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत चिकित्सकों को सरकार द्वारा मुख्यालय रखरखाव भत्ता दिया जाता है, परंतु इसके बावजूद अधिकतर चिकित्सक अपने मुख्यालय का रखरखाव नहीं करते हैं तथा अपने घरों या अन्य जिलों से ड्यूटी करते हैं; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; तथा

(ङ) अप्रैल, 2025 से दिसंबर, 2025 तक मंडीखेड़ा के अल-अफिया सामान्य अस्पताल के सभी चिकित्सकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति के रिकॉर्ड क्या हैं ?

----

## कैंसर अस्पताल का निर्माण करना

***143 सरदार जरनैल सिंह ( रतिया):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या जिला फतेहाबाद में एक कैंसर अस्पताल का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख)यदि हां, तो उपरोक्त अस्पताल का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## जल-जीवन मिशन से जुड़े गांवों की संख्या

***144 श्रीमती मन्जु चौधरी ( नांगल चौधरी):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में उन गांवों की संख्या कितनी है जिन्हें अब तक जल-जीवन मिशन के अंतर्गत जोड़ा गया है;

(ख) नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के शेष गांवों एवं ढाणियों को जल-जीवन मिशन के अंतर्गत कब तक जोड़े जाने की संभावना है?

----

## किसानों को ई-स्टाम्प ड्यूटी/ पंजीकरण शुल्क में रियायत प्रदान करना।

***145 श्री बलराम दाँगी (महम):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या उन किसानों को, जिनकी कृषि भूमि सरकार द्वारा राष्ट्रीय/ राज्य राजमार्गों के निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई तथा जो बाद में मुआवजे की राशि का उपयोग करके बदले में भूमि खरीदते हैं, को ई-स्टाम्प ड्यूटी तथा पंजीकरण शुल्क में कोई छूट अथवा रियायत प्रदान की जाती है;

(ख) यदि हां, तो वह विशिष्ट नियम, निबंधन एवं शर्तें क्या हैं जिनके अंतर्गत उक्त रियायत प्रदान की जाती है;

(ग) मुआवजे की प्राप्ति की तिथि से निर्धारित समय अवधि कितनी है जिसके भीतर किसान को इस छूट हेतु योग्य होने के लिए भूमि खरीदनी होती है ; तथा

(घ) यदि नहीं, तो क्या इस संबंध में किसानों को राहत प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## रेलवे अंडरपास का निर्माण करना

***146 श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या कोसली रेलवे स्टेशन के बाजार क्षेत्र में जहां से रेलवे लाइन होकर गुजरती है, के स्थान पर रेलवे अंडर-पास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त रेलवे अंडरपास का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## पेयजल की आपूर्ति करना तथा अपशिष्ट जल के निस्तारण की व्यवस्थाएं करना

***147 श्रीमती कृष्णा गहलावत (राई):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः -

(क) क्या जिला सोनीपत के राई विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव मुरथल में पेयजल की आपूर्ति तथा अपशिष्ट जल/सीवरेज के उचित निस्तारण की व्यवस्थाएं करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## बाई-पास का पुनर्निर्माण करना

***148 श्री राम कुमार कश्यप (इंद्री):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सडकें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या इंद्री बाई-पास का पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त बाई-पास का पुनर्निर्माण कार्य कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## गांवों में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण करना

***149 श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या नलवा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांवों में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका गांव-वार ब्यौरा क्या हैं; तथा

(ख) क्या उपरोक्त गांवों में सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण के लिए सरकार द्वारा किसी भूमि की पहचान या चिह्नित किया गया है; यदि हां, तो ऐसी भूमि का उपयोग कब तक किए जाने की संभावना है तथा किस परियोजना के अन्तर्गत इसका उपयोग किए जाने की संभावना है?

----

## बस स्टैंड का निर्माण करना

***150 श्री रघुबीर तेवतिया ( पृथला):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल तथा बल्लभगढ़ के बीच में कोई भी बस स्टैंड नहीं है;

(ख) क्या गदपुरी टोल के निकट पंचायती भूमि पर एक बस स्टैंड का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## धिंगतानिया खरीफ चैनल का निर्माण पूरा करना

*151 **श्री गोकुल सेतिया ( सिरसा):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि धिंगतानिया खरीफ चैनल के निर्माण के लिए भूमि को खरीदा जाना था, परंतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 30.07.2024 को हुई बैठक में समुचित विचार-विमर्श के उपरांत उक्त परियोजना को स्थगित रखा गया था;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि तब से मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 23272 के अंतर्गत आने वाली यह महत्वपूर्ण किसान-केन्द्रित परियोजना लंबित तथा अनिर्णीत पड़ी हुई है; तथा

(ग) उपरोक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## बाई-पास का निर्माण करना

*152 **श्री प्रमोद कुमार विज (पानीपत सिटी):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः -

(क) क्या पानीपत में बाई-पास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उपरोक्त बाई-पास के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी.पी.आर) कब तक तैयार किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो पानीपत शहर में बढ़ते यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या वैकल्पिक योजनाएं तैयार की जा रही हैं?

----

## इंतकाल की अनिवार्य आवश्यकता को समाप्त करना

*153 **श्री निखिल मदान (सोनीपत):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सोनीपत की विभिन्न कॉलोनियों में पट्टे वाली संपतियों, लाल डोरा क्षेत्रों तथा देश के विभाजन के दौरान व्यक्तिगत रूप से आवंटित भूमि की रजिस्ट्री के दौरान इंतकाल की अनिवार्य आवश्यकता को समाप्त करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बसरा सब माईनर-2 को री-मॉडल/ पक्का करना

***154 श्री चन्द्र प्रकाश ( आदमपुर):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2017 में बसरा सब माइनर- 2 को री-मॉडल/ पुनः पक्का करने की घोषणा की गई थी, परंतु रीमांडलिंग कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ है;

(ख) क्या वर्ष 2026-27 में बसरा सब माइनर-2 को री- मॉडल/ पुनः पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हां ,तो इस कार्य के लिए स्वीकृत कुल बजट कितना है तथा उपरोक्त माइनर का री-मॉडलिंग/ पुनः पक्का करने का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## नहर आधारित पेयजल की आपूर्ति

***155 श्री अशोक कुमार अरोड़ा (थानेसर):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या थानेसर शहर (कुरुक्षेत्र) में नहर आधारित पेय जल की आपूर्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## गन्ना किसानों को मुआवजा प्रदान करना

***156 श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः -

क) क्या यह तथ्य है राज्य में वर्तमान पिराई सीजन (2025-26) में गन्ने की औसत उपज गत वर्ष (2024-25) की तुलना में काफी कम हो गई है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) राज्य में गत वर्ष तथा वर्तमान वर्ष (आज तक) के लिए प्रति एकड़ गन्ने की औसत उपज के तुलनात्मक आंकड़े क्या हैं; तथा

(ग) क्या राज्य के गन्ना किसानों को औसत उपज में आई कमी के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए वित्तीय मुआवजा या विशेष राहत पैकेज प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा इस मामले में सरकार

द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है?

----

## भूमि का उपयोग

***157 श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या फरीदाबाद नगर निगम (एम.सी.एफ) द्वारा अहीर वाडा, बल्लभगढ़ में राजकीय माध्यमिक विद्यालय के सामने खाली पड़ी भूमि के उपयोग करने के लिए कोई विशिष्ट योजना बनाई गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सैनिक स्कूल स्थापित करना

***158 श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा झज्जर जिले के गाँव मातनहेल में एक सैनिक स्कूल स्थापित करने की घोषणा की गई है; यदि हाँ, तो उक्त स्कूल की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त स्कूल को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

----

## रसायन मिश्रित पानी को नालों में छोड़ने से रोकना

***159 श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि बहादुरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कारखानों से निकलने वाले रासायनिक तथा औद्योगिक कचरे, को गांव जगरतपुर, बुपानिया, लुक्सर तथा अन्य गांव से होकर गुजरने वाली कसार लिंक ड्रेन में डाले जाने से, यह प्रदूषित हो रही है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि बादली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में उपरोक्त ड्रेन के दूषित पानी का उपयोग खेतों की सिंचाई, तालाबों में पशुओं के नहाने एवं पीने तथा ग्रामीणों द्वारा घरेलू उपयोग के लिए किया जा रहा है जिसके परिणामस्वरुप मनुष्यों तथा पशुओं में भी बीमारियां फैलने के साथ -साथ फसलों को नुकसान हो रहा है;

(ग) क्या बहादुरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कारखानों ने उपरोक्त ड्रेन में रासायनिक तथा औद्योगिक अपशिष्टों को बहाने के लिए प्रदूषण नियंत्रण विभाग या सरकार से कोई अनुमति ली है; तथा

(घ) यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन कारखानों से निकलने वाले रासायनिक तथा औद्योगिक अपशिष्टों को नहर/ ड्रेन में न बहाया जाये, इसके लिए सरकार द्वारा कोई

प्रावधान किए गए हैं; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## विश्राम गृह का निर्माण करना

***160 श्री सतपाल जाम्बा (पुंडरी):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) पुण्डरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव कौल में मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत स्वीकृत हुए विश्राम गृह का निर्माण कार्य अब तक शुरू न होने के क्या कारण हैं; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त विश्राम गृह का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----